CENTRE FOR ENVIRONMENT, ENERGY AND CLIMATE CHANGE
ASIAN DEVELOPMENT RESEARCH INSTITUTE, PATNA
(An ENVIS Resource Partner on Water Management & Climate Change
under the aegis of Ministry of Environment, Forest & Climate Change, Government of India)
Ministry of Environment, Forest & Climate Change Government of India

प्रकाशनार्थ

पटना, 12 मार्च। आद्री स्थित सेंटर फॉर एनवायरमेंट, एनर्जी एंड क्लाइमेट चेंज (CEECC), ENVIS (RP) ने तरुमित्र के सहयोग से 'एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ETP), सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (CETP) : ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस' पर ग्रीन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम (GSDP) लॉन्च किया है। आज तरुमित्र कैम्पस में एक उद्घाटन–सह–उन्मुखीकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार घोष मुख्य अतिथि थे। यह कार्यक्रम आद्री के निदेशक प्रोफेसर प्रभात पी घोष और तरुमित्र के निदेशक फादर टोनी पेंडानाथ एसजे की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

यह एक NSQF स्तर–4 प्रमाणित प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें कक्षा सत्रों के 150 घंटे, क्षेत्र प्रशिक्षण, एक्सपोजर विजिट और विशेष व्याख्यान की एक श्रृंखला शामिल है। इस कार्यक्रम के प्रशिक्षु विभिन्न क्षेत्रों जैसे शैक्षिक, व्यावसायिक और भूगोल के पृष्ठभूमि हैं। 30 दिनों का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों जैसे आइआइटी पटना, एनआइटी पटना और एएन कॉलेज से संकायों के मेंटरशिप के तहत आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अपशिष्ट जल उपचार, संयंत्र संचालन और रखरखाव के बारे में प्रक्रियात्मक ज्ञान से लोगों को लैस करना है।

(अंजनी कुमार वर्मा)